तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री


हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 4 फरवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 ट्रेन में इलाज मुफ्त नहीं, इमरजेंसी में भी ली जा रही हजार रुपए ..



11 वेटलैंड बर्ड सेंचुरी गिधवा परसदा को रामसर ...



## खबर संक्षेप

### खप्परवाड़ा में कबड्डी प्रतियोगिता कल

**अंडा।** नवयुवक कबड्डी ग्रुप एवं समस्त ग्रामवासी खप्परवाड़ा द्वारा एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 5 फरवरी को रखी गई है। महेश्वरी भागवत चन्द्राकर ने बताया कि कबड्डी मेट पर खेली जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भागवत चन्द्राकर का विशेष सहयोग मिल रहा है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 फरवरी को सुबह 12 बजे से किया गया है। अध्यक्ष डॉ. आरएम चावड़ा ने बताया कि बैठक में महत्वपूर्ण जानकारी अध्यक्ष द्वारा दी जाएगी।

### श्री शिव महापुराण कथा व रूद्रमहाभिषेक 19 से

**गुरूर।** पुजारी बाबा बिसम्भर दास महंत एवं लिंगेश्वर महादेव समिति द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर संगीतमय भव्य श्री शिवमहापुराण कथा एवं रूद्रमहाभिषेक का आयोजन लिंगेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण ओझागहन सनौद में 19 से 25 फरवरी तक किया गया है। इस दौरान रूद्राभिषेक पूजन प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक व कथा प्रसंग सुबह 10:30 बजे से 1:30 बजे तक व दोपहर 3 से 5 बजे तक कथा आरती होगी। कथावाचक पंडित अजय चतुर्वेदी होंगे। 19 फरवरी को देवी स्थापना, कलश यात्रा, महात्म कथा, 20 को शुक्र शौनक संवाद, शिवपुराण परिचय कथा, 21 को नारद मोह प्रसंग, ब्रम्ह प्रसंग, सृष्टि वर्णन प्रसंग होगा। 22 फरवरी को अर्धनारीश्वर प्रागट्य, शिव सती चरित्र कथा, 23 को शिव उपासना, पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह कथा, 24 फरवरी को भस्मासुर कथा, गणेश जन्म, चढ़ौत्तरी के बाद 25 फरवरी को हिरणकश्यप कथा, पार्थिव शिवलिंग पूजन, शिव महात्म्य कथा, पूर्णाहुति रूद्राक्ष वितरण होगा।

### भीमाटोला में कबीर सत्संग 10 व 11 को

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के वनांचल ग्राम भीमाटोला में दो दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 10 व 11 फरवरी को किया जा रहा है। जिसमें संत शिरोमणि सद्गुरु कबीर साहेब के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने हेतु सद्गुरु कबीर आश्रम भीमाटोला के नेतृत्व में दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन नादवंशाचार्य पंथ श्री हूजूर मंगल साहेब जी नादिया के पावन सानिध्य में हो रहा है। कार्यक्रम में धर्माधिकारी सत्येन्द्र साहेब जी एवं मंडली के साथ तथा कबीर ब्रम्हचारिणी आश्रम पोटिया डीह धमतरी से साध्वी अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान कर रही हैं।

## चुनाव : नगर पालिका परिषद बेमेतरा में इन दिनों हर जगह हो रही सिर्फ चुनाव की चर्चा

# अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में, पार्षद के लिए कुछ में सीधा तो कई में बहुकोणीय मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





जिला मुख्यालय बेमेतरा नगर पालिका में इन दिनों नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं पार्षद के चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क कार्य प्रारंभ कर दिया है। इससे एक ओर जहां नगर में इन दोनों केवल चुनाव की चर्चा हो रही है, वहीं अध्यक्ष पद के एवं पार्षद पद के प्रत्याशी लगातार मतदाताओं से मिलकर अपने पक्ष में रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके साथ ही नगर की गलियों व चौराहों पर अध्यक्ष एवं पार्षदों के प्रत्याशियों के नाम का दीवार पेंटिंग एवं बैनर पोस्टर भी लगना शुरू हो गया है।

■ अपनी-अपनी रणनीति के साथ चुनाव प्रचार में जुटे प्रत्याशी

नाम वापसी के बाद बेमेतरा नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए जो स्थिति सामने आई है, उसके अनुसार बेमेतरा नगर पालिका के लिए चार प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। यहां पर सुमन गोस्वामी कांग्रेस से, विजय सिन्हा भाजपा से तथा घनश्याम देवांगन और प्रकाश नारायण साहू दोनों निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में इन दिनों चुनाव मैदान में हैं। इस बार तो ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है, कि जब तक मतदान का परिणाम नहीं आ जाता, तब तक कुछ भी नहीं कहा जा सकता, क्योंकि पिछला रिकॉर्ड देखा जाए तो यहां के मतदाताओं का निर्णय अप्रत्याशित रूप से सामने आया है। यहां के मतदाताओं ने एक समय में कांग्रेस और भाजपा को नकारते हुए निर्दलीय प्रत्याशी को भी अध्यक्ष पद से नवाजा था। इसलिए किसी भी उम्मीदवार को कमजोर नहीं समझा जा रहा है। भाजपा की तरफ से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा हैं, तो वहीं पार्षद रह चुके सुमन गोस्वामी को कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। जबकि, दो व्यक्ति स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, जिनकी भी भूमिका को किसी भी रूप में कमजोर नहीं कहा जा सकता। इस तरह चार प्रत्याशियों के चुनाव मैदान में होने से आने वाले दिनों में अध्यक्ष पद का चुनाव और दिलचस्प हो सकता है।

### 21 में से 9 वार्डों में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला

वहीं, पार्षद पद को लेकर जिस तरह से लोगों की तैयारी है, उससे लगता है कि पार्षद पद पर भी कोई किसी से कम नहीं है। सब अपने-अपने स्तर पर चुनाव परिणाम को अपने पक्ष में करने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं। अभी की स्थिति में वार्ड 1 से राघवेन्द्र मनु कांग्रेस, यशवंत लहरे भाजपा, राजकुमार खाण्डे, राजकुमार कोशले निर्दलीय चुनाव मैदान में हैं। वार्ड 2 से चार महिला उम्मीदवार हैं, जिनमें पुष्पा दुर्गा साहू भाजपा से, रीता पांडेय कांग्रेस से एवं नेहा निक्की चौहान, रजनी दीदी, निर्दलीय प्रत्याशी हैं। वार्ड 3 में कांग्रेस के लिलेश साहू तथा भाजपा के पंचू साहू के बीच सीधा मुकाबला है। इसी तरह वार्ड नंबर 4 से नारायण छाबड़ा (नारी) कांग्रेस और रवि कुमार मुलवानी भाजपा ही आमने सामने हैं। वहीं, वार्ड 5 से भारतीय जनता पार्टी से दीनानाथ साहू और कांग्रेस क राजू साहू के साथ ही आशुतोष पांडेय व दीपक तिवारी निर्दलीय प्रत्याशी हैं। वार्ड नंबर 6 में कांग्रेस के चम्पा मोहन वर्मा, भाजपा से खिलेश्वरी शिव पाटिल के बीच सीधा मुकाबला है। वार्ड 7 में भी कांग्रेस और बीजेपी के ही बीच मुकाबला होगा, यहां हेमीन यादव कांग्रेस की हैं, तो भाजपा की पूर्व पार्षद सजनी यादव एक बार फिर चुनाव मैदान में हैं। वार्ड 8 में भी भाजपा की चांदनी रोशन दत्ता के साथ कांग्रेस प्रत्याशी रोमन सिंह वर्मा के बीच सीधा मुकाबला है।

वार्ड 9 में त्रिकोणीय मुकाबला है। यहां कांग्रेस की नेहा टंडन, भाजपा की शिल्पा पटेल एवं लक्ष्मी नेतराम कोसले पार्षद के लिए मैदान में हैं। वार्ड 10 में भी त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बनी हुई है। यहां पर कांग्रेस के अखिलेश मिंटा नामदेव, भाजपा के संतोष वर्मा के साथ ही चंदन सोनी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। वार्ड नंबर 11 में कांग्रेस के रूपसिंह साहू एवं भाजपा के विकास तंबोली के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं, वार्ड नंबर 12 में कांग्रेस के मनोज शर्मा एवं भाजपा के निखिल साहू तथा निर्दलीय तिलक साहू के बीच तथा वार्ड नंबर 13 में भाजपा के अर्जुन सिंह ठाकुर, कांग्रेस के प्रकाश ठाकुर एवं निर्दलीय प्रत्याशी पांच भाई गोर्या के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। इसी तरह 14 वार्ड में भाजपा के भानु राम साहू, कांग्रेस के तोकेश्वर साहू एवं निर्दलीय अजय सोनी तथा वार्ड नंबर 15 में हेमलता शर्मा भाजपा तथा कांग्रेस की रश्मि फणेंद्र मिश्रा एवं निर्दलीय राखी वर्मा के बीच त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति है। वार्ड 16 में सीधा मुकाबला है जिसमें पूर्व पार्षद नीतु कोठरी भाजपा से और कांग्रेस से विद्या यादव है। नगर के वार्ड नंबर 17 में बहुकोणीय मुकाबला है। यहां चार प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

इनमें कांग्रेस के रेवेन्द्र देवांगन, भाजपा से गौरव साहू, सहित घनश्याम देवांगन एवं सुरेन्द्र मेडी धीवर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। वार्ड नंबर 18 में तीन प्रत्याशियों भाजपा के आकिब मलकानी, कांग्रेस के हरिजिंदर बंटी चावला और निर्दलीय प्रत्याशी लव सिन्हा के बीच मुकाबला है। वार्ड नंबर 19 में केवल दो महिला उम्मीदवार कांग्रेस की बीकू बालक दास मानिकपुरी और भाजपा से सिमरन ताम्रकार के बीच मुकाबला है। वार्ड नंबर 20 में चार प्रत्याशी भाजपा से पूर्व पार्षद अशोक शर्मा, कांग्रेस से विकास चौबे सहित पार्थ दास मानिकपुरी एवं प्रकाश नारायण साहू निर्दलीय के रूप में मैदान में हैं। वार्ड नंबर 21 में कांग्रेस के अब्दुल वाहिद रवानी और भाजपा से लक्की साहू के बीच सीधा मुकाबला है।

# नामांकन के बहाने भाजपा ने दिखाई ताकत, जिपं सदस्य के सभी 14 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



भाजपा के अधिकृत जिला पंचायत सदस्य के 14 प्रत्याशियों ने कल्पना योगेश तिवारी, अंजू बघेल के साथ सोमवार शक्ति प्रदर्शन करते हुए हजारों समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर मंत्री दयालदास बघेल, विधायक दीपेश साहू, विधायक ईश्वर साहू, जिला अध्यक्ष अजय साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

■ मंत्री दयालदास सहित विधायक दीपेश व ईश्वर के साथ वरिष्ठ नेता हुए शामिल

भाजपा के कार्यकर्ता जिला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर में एकत्रित हुए। वहीं, ग्राम नेवनारा स्थित मां चंडी मंदिर में पूजा-अर्चना कर कल्पना योगेश तिवारी ने अपने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। उसके बाद योगेश तिवारी के नेतृत्व में हजारों समर्थकों के साथ बेमेतरा के लिए रवाना हुए। भाजपा के 14 अधिकृत प्रत्याशियों ने बाजे-गाजे और विशाल रैली के साथ नामांकन दाखिल किया।

इस दौरान मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 15 सालों में देश में विकास की गंगा बहाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में हर वर्ग के लिए योजनाएं लागू हुई हैं, जिससे तेज़ी से विकास हो रहा है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे भाजपा को पूरा समर्थन दें ताकि क्षेत्र में विकास की गति और तेज हो सके। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आज का माहौल बता रहा है कि कार्यकर्ताओं में जो उत्साह है, उससे पूरे 14 के 14 भाजपा के ज़िला पंचायत सदस्य जीत कर आएंगे और पूरे पंचायत में विकास होगा। विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो योजना बनाई उसका ये असर है कि पूरे गांव-गाँव में भाजपा का माहौल है और सब प्रत्याशी जीत कर आएंगे।

### गांव-गांव में बनेगी भाजपा सरकार : अजय

भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि भाजपा के सभी बुथ के और समर्पित कार्यकर्ताओं ने ठान लिया है कि अब की बार गाँव-गाँव में भाजपा की सरकार बनेगी। कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि वे क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए राजनीति में आई हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बेरला कला क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान कल्पना योगेश तिवारी, अंजू बघेल, हेमलता पटेल, दिलीप सिंह ठाकुर, गायत्री, नेहाम, लक्ष्मी देशलहरा, राजेश साहू, कमसूरत बघेत, देवी परमेश्वर वर्मा, प्रीति पटेल, हीरालाल साहू, खुराडु वर्मा, अंजनी कुमार चंदेत और राहुल टिकरिया ने नामांकन फार्म जमा किया।

# जनपद सदस्य पद के लिए सनतधर ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




जनपद पंचायत चुनाव को लेकर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सनतधर दीवान ने सोमवार को क्षेत्र क्रमांक 10 से जनपद सदस्य पद के लिए बाजे गाजे के साथ रैली निकालकर नामांकन दाखिल किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में ग्राम खम्हरिया, मुटपुरी, केसतरा, मऊ एवं तुमा के ग्रामीण रैली में शामिल हुए। रैली जयस्तंभ चौक से निकलकर पुराना बस स्टैंड से रायपुर रोड होते हुए जनपद पंचायत कार्यालय पहुंची जहां प्रत्याशी सनतधर दीवान ने नामांकन दाखिल किया।




# मामूली विवाद पर चला चाकू ग्राम घुमका की घटना

**बालोद।** ग्राम घुमका में मेला मड़ई के दौरान दो युवकों के बीच मामूली सी बात को लेकर हुए विवाद के बीच एक युवक ने दूसरे को चाकू मार दिया। घायल युवक को जिला अस्पताल बालोद लाया गया, जहां प्राथमिक ईलाज के बाद परिजनों ने बेहतर ईलाज के लिए बालोद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल युवक के पिता इन्द्रूराम साहू ने बताया कि ग्राम घुमका में रविवार को मेला मड़ई कार्यक्रम के दौरान शाम 6.30 बजे मेरा लड़का भावेश कुमार साहू तथा चेतन साहू मेरे घर के पास मोबाईल से चेतन साहू के साथी युवराज को किसी बात की समझाईश दे रहे थे। उसी समय तुम मेरे साथी को समझाने वाले कौन होते हो कहकर भावेश साहू को चेतन साहू ने चाकू मार दिया।

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# नगरीय निकायों के मतदान केंद्रों के लिए किया गया ईवीएम का आवंटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत सोमवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा एवं सामान्य प्रेक्षक अमिताभ बाजपेयी की उपस्थिति में बैठक सभाकक्ष में ईवीएम का रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, संबंधित रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

■ कलेक्टर व प्रेक्षक की उपस्थिति में किया गया ईवीएम का रेंडमाइजेशन

रेंडमाइजेशन की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में ईवीएम मशीनों का नगर निकायवार और मतदान केंद्रवार आवंटन किया गया। इसका उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई और यह सुनिश्चित किया गया कि सभी कार्यवाही निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से की गई।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि ईवीएम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के तहत की गई है, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता या पक्षपात की संभावना को समाप्त किया जा सके। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित निकायों के मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम ▶▶| शेष पेज 11 पर

### जिले के 171 मतदान केंद्रों के लिए 228 सीयू और 455 बीयू उपलब्ध

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार बेमेतरा जिले में 171 मतदान केंद्रों के लिए कुल 228 सीयू (कंट्रोल यूनिट) और 455 बीयू (बैलेट यूनिट) उपलब्ध हैं। मतदान प्रक्रिया की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 205 सीयू और 227 बीयू आवंटित की गई हैं, जिसमें सीयू और बीयू के लिए क्रमशः 20 और 30 प्रतिशत रिजर्व भी शामिल है। प्रशिक्षण हेतु 23 सीयू और 23 बीयू मशीनों का उपयोग किया जाएगा। नगर निकायों की आवश्यकता के अनुसार, नगर पालिका बेमेतरा के 21 वार्डों के लिए 43 सीयू और 47 बीयू मशीनें आवंटित की गई हैं। अन्य निकायों में नवागढ़, साजा, देवकर सहित कुल 10 निकायों के लिए कुल 156 मतदान केंद्रों पर 205 सीयू और 227 बीयू मशीनों की व्यवस्था की गई है।

# 21 आंगनबाड़ियों को महतारी सदन बनाने का प्लान, जमीन नहीं मिलने से फंसा पेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के वार्डों में जहां ज्यादातर आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भवनों में या फिर जर्जर हो रहे केंद्रों में संचालित हो रहे हैं।

अलग खबर

वहीं निगम के जोन-1, 5 और 8 के सभी 21 वार्डों में एक-एक महतारी सदन बनाने का प्लान भी जमीन नहीं मिलने के पेंच में उलझ रहा है। जोन 8 ने जगह और फंड मिलने से सितंबर में ही प्रोजेक्ट को शुरू करा दिया है। इससे आने वाले दिनों में आंगनबाड़ी केंद्र जाने वाली महिलाओं को गर्म भोजन के साथ ही अच्छी सुविधा मिलने की आस बनी हुई है।

निगम की पश्चिम विधानसभा सीमा में आने वाले 3 जोन कार्यालयों से जुड़े 21 वार्डों में से जोन- 8 में ही टाटीबंध और रायपुरा में बच्चों की सुविधा के लिए आंगनबाड़ी की स्थापना में बड़ा प्रयोग किया जा रहा है। इसके अलावा जोन-1 और 5 के 10 से ज्यादा वार्डों में सरकारी जमीन नहीं मिलने से प्रक्रिया अटकी हुई है। इससे आंगनबाड़ी भवन को खास बनने के लिए टाटीबंध वार्ड में प्रोजेक्ट की कड़ी में निर्माण जारी है। महतारी सदन के नाम से आंगनबाड़ी की डिजाइन, इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूदा दो-तीन कमरों के आंगनबाड़ी केंद्रों से अलग और सुंदर होगा, जबकि इस तरह की सुविधा देने के लिए सितंबर में ही वित्तीय मंजूरी दी गई थी। वार्डों में अपेक्षा के अनुरूप सरकारी जमीन नहीं मिलने की स्थिति में लोगों की सुविधा अटकी हुई है।

## शहर के जोन-1, 5, 8 के हर वार्ड में महतारी सदन बनाने ड्राइंग-डिजाइन तैयार

### ये सुविधा देने का है प्रावधान

आंगनबाड़ी यानी महतारी सदन का निर्माण नगर निगम के माध्यम से किया जा रहा है। इसकी डिजाइन और डीपीआर सितंबर से पहले ही तैयार करने के बाद भी लोगों को सुविधा के लिए इंतजार करना होगा। आंगनबाड़ी भवन में क्लासरूम, डायनिंग हॉल से लेकर सभी जगह फ्लोर टाइल्स लगाए जाएंगे। सुंदर बनाने के लिए भवन में स्टील और लकड़ी का इस्तेमाल किया जाएगा। महतारी सदन पूरी तरह लग्जरी होगा। हॉल से लेकर हर कमरे में फाल्स सीलिंग लगाई जाएगी। महतारी भवन की डिजाइन ऐसी होगी कि इससे आंगनबाड़ियों को लेकर लोगों की सोच बदलेगी।



### स्कूल जैसा माहौल देने की प्लानिंग

महतारी सदन में बच्चों को खेलने और मनोरंजन के साथ पढ़ाई के लिए प्राइवेट स्कूल जैसी उच्चस्तरीय सुविधा मिलेगी। आउटडोर गेम्स के लिए प्ले एरिया में झूले, फिसलपट्टी भी बनाई जाएगी। वहीं बच्चों के लिए छोटा-सा गार्डन होगा। भवन में इंडोर गेम्स के लिए अलग से हॉल बनाने की प्लानिंग है। सदन में रीडिंग एरिया, एक्टिविटीज एरिया और आर्ट के लिए अलग से गैलरी रहेगी। पढ़ाई के लिए हाई क्वालिटी क्लासरूम के अलावा भोजन के लिए बड़ा और फर्नीचर युक्त डायनिंग स्पेस होगा। स्टाफ के लिए भी आफिस व स्टोर एरिया अलग से बनाने का प्रावधान है।

### सरकारी जमीन खाली नहीं

महतारी सदन के लिए जिन वार्डों में जमीन मिल गई है, वहां सितंबर में ही काम शुरू हो चुका है। वार्डों में सरकारी जमीन खाली नहीं मिल रही है। पटवारियों से सरकारी जमीन की रिपोर्ट मांगी गई है।

- **विनोद कुमार पांडेय,** अपर आयुक्त, ननि रायपुर

## खबर संक्षेप

### पंचायत चुनाव में मतदान नहीं कर पाएंगे हजारों कर्मचारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव में राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान कर्मियों की ड्यूटी ऐसी लगाई है कि प्रदेशभर में हजारों मतदानकर्मी मत देने से वंचित हो जाएंगे। दरअसल निर्वाचन आयोग की ओर से 17 से 23 फरवरी तक होने वाले त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जो ड्यूटी लगाई गई है। उससे ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों कर्मचारी ड्यूटी के फेर में फंस गए हैं। फिलहाल आयोग के पास भी इसका कोई उपाय नहीं है और वह हल ढूंढने में लगा है। दूसरे गांव में ड्यूटी लगाने के कारण यह समस्या आ रही है। पंचायत चुनाव में लगे मतदानकर्मियों को डाक मतपत्र से वोट का अधिकार नहीं मिलने से कई जिलों में कर्मचारी संघ की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारियों से शिकायत भी की गई है। अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रांत अध्यक्ष कमल वर्मा ने कहा, अभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। पत्र लिखने के बाद सुनवाई नहीं हुई है। कल प्रदेश के सभी कलेक्टरों और राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा जाएगा।

### जयघोष के साथ हजारों लोगों ने कहा- थैंक्यू भिलाई

**भिलाई।** थैंक यू भिलाई कार्यक्रम में भिलाईवासियों ने मिलकर जयघोष करते हुए भिलाई को दिया धन्यवाद - हजारों कि संख्या में भिलाई बिरादरी ने लगाई सद्भावना दौड़, भिलाई नव रत्न एवं कई समाज से जुड़े अनुकरणीय कार्य करने वाले लोग व समाज सेवी संस्था सम्मानित किया गया। भिलाई के उन महान विभूतियों का सम्मान किया गया जो अपने-अपने क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर रहे है। इनमें 2025 भिलाई रत्न सम्मान चिकित्सा में डॉ. के गुरुनाथ, शिक्षा संजय ओझा, खेल में आरएन बैनर्जी, उद्योग में विजय गुप्ता, महिला सशक्तिकरण में डिम्पल कौर, पर्यावरण में द्वारका प्रसाद, जन-जागरण में अजय भसीन, साहित्य में संतोष झांझी, कला एवं संस्कृति क्षेत्र में पं. सुधाकर राम भाऊ शिवलीकर जिन्होंने भिलाई का गौरव बढ़ायें, उन्हें शपथ फाऊंडेशन भिलाई द्वारा नवरत्नों को सम्मानित कर शपथ फाऊण्डेशन (संस्था) अपने गौरवान्वित महसूस कर रही है। सम्मान के कड़ी में भिलाई गौरव से भालचंद्र शेगेकर, कला में स्मिता तांडी, महिला सशक्तिकरण में, अश्वन सोनवानी को खेल में व अभिषेक अग्रवाल को सम्मानित किया गया। भिलाई के सभी समाज के प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया। सद्भावना दौड़ में भिलाईवासियों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया।

## 2018 तक ट्रेन में इलाज के 20 रुपए लगते थे, अब रेलवे ने तय की 100 रुपए कंसल्टेशन फीस

# ट्रेन में इलाज मुफ्त नहीं, इमरजेंसी में भी ली जा रही हजार रुपए तक फीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार


ट्रेन में तबीयत बिगड़ने पर अगर डॉक्टर से परामर्श या दवा चाहिए तो इसके लिए भी यात्रियों को पैसे देने पड़ रहे हैं। आपातकालीन स्थिति में भी ट्रेन में इलाज निशुल्क नहीं मिलेगा। रेलवे बोर्ड ने ट्रेन में डॉक्टर से परामर्श का शुल्क 100 रुपए तय किया है, लेकिन टीटीई ट्रेन में डॉक्टर बुलाने 300 से अधिक ले रहे हैं। रायपुर रेलमंडल में टीटीई को आवश्यक दवा उपलब्ध कराई गई थी, ताकि यात्रियों की तबीयत बिगड़ने पर तत्काल मदद मिल सके, लेकिन वर्तमान में दवा के लिए भी यात्रियों को पैसे देने पड़ रहे।

रविवार को जब हरिभूमि ने ट्रेनों में चिकित्सा सेवा की पड़ताल की तो पता चला बिलासपुर से नागपुर के बीच डॉक्टर बुलाने की सुविधा 7 स्टेशनों पर है। मंडल में रायपुर और दुर्ग में इलाज के लिए डॉक्टर को बुलाया जा सकता है। इलाज की सुविधा मेल और एक्सप्रेस ट्रेन में मिल रही है। डॉक्टर से इलाज कराने के लिए यात्री को 100 रुपए कंसल्टेशन फीस और दवाओं के पैसे अलग से देने होते हैं।

### 2018 में 20 रुपए था शुल्क

रेलवे लंबे समय से डॉक्टरी सहायता मुहैया कराता आ रहा है। साल 2018 तक इसके लिए 20 रुपए फीस लगती थी। साल 2018 में इस फीस में पांच गुना बढ़ोतरी कर इसे सौ रुपए कर दिया गया। रेलवे ने फीस वृद्धि की वजह बताते हुए कहा था कि इस सुविधा का दुरुपयोग हो रहा था। लोग छोटी-मोटी बीमारी में भी रेलवे के कंट्रोल रूम में मैसेज कर डॉक्टर बुलाने लगे थे, जिससे रेलवे का समय खराब हो रहा था।

## रेलवे प्रशासन यात्री के बीमार पड़ने पर डॉक्टर और दवाएं मुफ्त में उपलब्ध नहीं करा पा रहा





### टीटीई ने कहा- डॉक्टर बुलाने के लगेंगे 300 रुपए

रविवार को शालीमार एक्सप्रेस के टीटीई से टीम हरिभूमि ने दवा के लिए मदद मांगी। सिरदर्द और उल्टी की दवा मांगने पर टीटीई ने कहा कि डॉक्टर बुलाने के लिए 300 रुपए देने होंगे। अभी बताएंगे तो दुर्ग में मदद मिलेगी। दवा का अतिरिक्त खर्च डॉक्टर ही बता पाएंगे। टीटीई यात्री को सही तरीके से बता नहीं पा रहे हैं कि डॉक्टर से इलाज कराने का कितना पैसा लगेगा। वर्तमान व्यवस्था अनुसार रेलवे प्रशासन डॉक्टर व दवाओं की व्यवस्था करता है तो यात्री को 100 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक का भुगतान करना पड़ सकता है। कम से कम 200 रुपए तो लगेंगे ही। इसमें 100 रुपए डॉक्टर की फीस और 100 रुपए जनरल दवाओं का शुल्क होगा।

### दवा के पैसे यात्री को देने होंगे

विशाखापट्टनम से भगत की कोठी जा रही एक्सप्रेस ट्रेन में एक मासूम बच्चे को इलाज की आवश्यकता पड़ी थी। डॉक्टर को उसलापुर रेलवे स्टेशन भेजा गया। वहां पर जांच के बाद डॉक्टर ने बच्चे के लिए दवाइयां दी और 220 रुपए चार्ज लिया। रेलवे अफसरों के मुताबिक, अगर दवाओं की कीमत 1000 रुपए होगी तो वह भी यात्री को ही देनी होगी।

# धान खरीदी पूरी, उपार्जन केंद्रों से 46.70 लाख मीट्रिक टन का उठाव बाकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चालू खरीफ वर्ष के धान की खरीदी पूरी हो चुकी है। राज्य सरकार द्वारा तय लक्ष्य से कम खरीदी हुई, लेकिन यह राज्य में अब तक की रिकार्ड खरीदी है। 149 लाख मीट्रिक टन से अधिक खरीदी के बाद अब उपार्जन केंद्रों से सीधे मिलरों को धान उठाने के लिए डीओ दिया जा रहा है। अब तक 103 लाख टन से अधिक का उठाव होने का दावा मार्कफेड ने किया है। शेष 46.70 लाख मीट्रिक टन अब भी खरीदी केंद्रों में बचा है। धान खरीदी शुरू होने के तीन सप्ताह तक धान का उठाव नहीं होने के कारण वहां बफर स्टॉक काफी अधिक रहा। मार्कफेड ने पहले उन जिलों को संग्रहण केंद्रों से उठाव की अनुमति दी, जहां पर अधिक बफर स्टॉक था। मिलरों द्वारा धान का उठाव शुरू किए जाने के बाद जिलों में कुछ स्थति सुधरी, लेकिन तेजी नहीं आने के कारण अंतिम समय तक पूरा धान नहीं उठ पाया। जिला कलेक्टरों की देखरेख में समितियों के माध्यम से यह कार्य किया जा रहा है।

- जिला अधिकारियों को उठाव में तेजी लाने के दिए गए निर्देश

### इन जिलों अधिक धान डंप

खरीदी का कार्य पूरा होने के बाद प्रदेश के कई जिलों के उपार्जन केंद्रों में खुले में धान पड़ा है। धान की सुरक्षा और अब धूप तेज होने के कारण सूखत की चिंता समितियों को सता रही है। इधर मिलर भी डीओ के अनुपात में उठाव में देर कर रहे हैं। ऐसे में फरवरी के अंत तक उठाव पूरा होगा, इस पर संदेह है। जिन जिलों में अब भी अधिक धान का स्टॉक है, उनमें महासमुंद जिले में सबसे अधिक 4.44 लाख मीट्रिक टन, बेमेतरा में 4.19 लाख मीट्रिक टन, बलौदाबाजार में 2.52 लाख मीट्रिक टन, राजनांदगांव में 2.48 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव शेष है।

### मौसम को देखते हुए उठाव में लाएं तेजी

मार्कफेड ने कलेक्टरों के माध्यम से खाद्य अधिकारियों को धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मौसम को देखते हुए धान का उठाव मिलरों द्वारा नहीं किए जाने पर संग्रहण केंद्रों में इसके रखने की व्यवस्था भी की गई है।

### अतिशेष धान की होगी नीलामी

राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है कि केंद्रीय पूल में चावल जमा करने के बाद राज्य सरकार के पास करीब 30 लाख मीट्रिक टन धान बचेगा। उक्त धान की ऑनलाइन नीलामी कराई जाएगी। राज्य सरकार इसके लिए प्रक्रिया फरवरी माह के अंत में शुरू करेगी। टेंडर में जो रेट आएगा, उसके हिसाब से अतिशेष धान की बिक्री की जाएगी।

## चुनाव में खपाने लाई मध्यप्रदेश निर्मित 130 पेटी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय के साथ त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव जैसे-जैसे चरम पर पहुंच रहा है। प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने शराब, पैसे बांटने के साथ अन्य लुभावने तरीके अपना रहे हैं। इसी कड़ी में आबकारी विभाग की टीम ने विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित एक गांव के घर में दबिश देकर साढ़े आठ लाख रुपए कीमत की मध्यप्रदेश निर्मित 130 पेटी गोवा शराब जब्त की है। गिरफ्तार युवक के खिलाफ आबकारी विभाग की टीम ने 34(2), 36 तथा 59(क) के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया है।

आबकारी विभाग की टीम ने शराब तस्करी करने के आरोप में खपरी, मुनरेठी निवासी प्रदीप मारकंडे को गिरफ्तार किया है। आबकारी विभाग की टीम को जानकारी मिली थी कि पंचायत चुनाव में प्रत्याशियों के कहने पर प्रदीप ने किसी दूसरे राज्य से बड़ी मात्रा में शराब तस्करी कर मंगाई है। इसके बाद आबकारी विभाग की टीम ने मुखबिर की मदद से पता लगाया कि प्रदीप ने उक्त शराब कहां छिपाकर रखी है। शराब छिपाने की जगह के बारे में जानकारी मिलने पर आबकारी आयुक्त आर. संगीता के निर्देश तथा आबकारी उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा के मार्गदर्शन में एडीईओ टेकबहादुर कुर्रे, आबकारी उपनिरीक्षक प्रकाश देशमुख, कौशल सोनी एवं नीलम स्वर्णकार की टीम ने छापे की कार्रवाई की।



- आबकारी विभाग की टीम ने खपरी में एक घर में छापा मारकर जब्त की शराब

# फॉर्मेसी कॉलेजों की अर्जी- मान्यता के लिए पैसे नहीं, फीस माफ करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के फॉर्मेसी महाविद्यालय भी अब इंजीनियरिंग कॉलेजों की राह पर चलते नजर आ रहे हैं। कोरोना काल के बाद फॉर्मेसी सेक्टर में अवसर अपेक्षाकृत बढ़ गए थे। इसे देखते हुए थोक में नए फॉर्मेसी पाठ्यक्रम शहर में खुले। बीते दो शैक्षणिक सत्रों में छत्तीसगढ़ में 40 नए फॉर्मेसी कॉलेज खुले हैं।

सत्र 2025-26 के लिए भी 9 नए फॉर्मेसी कॉलेजों ने अर्जी दी है। बीते सत्रों में खुले फॉर्मेसी महाविद्यालयों की स्थिति यह है कि कई में दाखिला प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सकी। इनमें से चार फॉर्मेसी महाविद्यालयों ने अपनी खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि को खत लिखा कि मान्यता नवीनकरण के लिए प्रतिवर्ष दी जाने वाली राशि से उन्हें राहत दी जाए। सीएसवीटीयू ने इसका जवाब देते हुए फॉर्मेसी महाविद्यालयों से कहा कि इतनी बड़ी राशि माफ कर पाना उनके वश में नहीं है। अंततः मान्यता नवीनीकरण के अंतिम दिन अर्जी लगाने वाले चार महाविद्यालयों सहित अन्य कॉलेजों ने भी फीस जमा करते हुए मान्यता नवीनीकरण करवा लिए हैं। गौरतलब है कि सत्र 2024-25 में छत्तीसगढ़ में 95 फॉर्मेसी महाविद्यालय हैं। अगले सत्र से 9 नए कॉलेज खुलेंगे।

**बिलासपुर-जांजगीर में सर्वाधिक कॉलेज :** बीते दो सत्रों में जांजगीर में फॉर्मेसी कॉलेज की संख्या 2 से 11 हो गई है। बिलासपुर में भी यह संख्या 20 पार कर चुकी है। प्रदेश में बीफार्मा और डीफार्मा की 9 हजार 509 सीटें थी। वहीं एमफार्मा की मात्र 629 सीटें हैं। कई चरणों की काउंसिलिंग के बाद भी मौजूदा सत्र में थोक में सीटें खाली रह गई थी। इंजीनियरिंग महाविद्यालयों की तरह सरकारी फॉर्मेसी कॉलेजों को ही छात्र प्राथमिकता दे रहे हैं।

### नवीन मान्यता के लिए 17.5 लाख

कॉलेजों को फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया और तकनीकी विवि दोनों को ही मान्यता नवीनीकरण शुल्क देना होता है। नवीन मान्यता के लिए फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया को 10.5 लाख और सीएसवीटीयू को 7 लाख रुपए प्रदान करने होते हैं। इसी तरह डिप्लोमा पाठ्यक्रम के नवीनीकरण के लिए तकनीकी विवि को 4 लाख तथा बीफार्मा और एमफार्मा के लिए 2-2 लाख रुपए राशि के अतिरिक्त फॉर्मेसी काउंसिल को भी भुगतान करना होता है। इतनी बड़ी राशि नए खुले महाविद्यालयों के लिए संभव नहीं हो पाती है। यही कारण है कि उनके द्वारा आर्थिक स्थिति खस्ता होने का हवाला देते हुए फीस माफी की अर्जी दी गई।

## चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा ध्वनि प्रदूषण कर शांति भंग करने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के दौरान प्रत्याशियों द्वारा ध्वनि प्रदूषण कर शांति भंग करने की शिकायत राज्य निर्वाचन आयुक्त से की गई है। शिकायत में कहा गया कि चुनाव प्रचार के लिए गली-मोहल्ले में तेज आवाज में ढोल-नगाड़े बजाने के साथ लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया जा रहा हैं।

नितिन सिंघवी ने अपनी शिकायत में आवास एवं पर्यावरण विभाग के आदेश का पालन कराने की मांग की है। डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि निकाय चुनाव के दौरान तेज आवाज में हो रहे प्रचार-प्रसार से आमजन को शांतिपूर्वक जीवन जीने में असीम कष्ट हो रहा है और शांति भंग हो रही है, इसे लेकर जनता में व्यापक रोष है। नितिन सिंघवी की शिकायत में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दिया गया है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में ध्वनि प्रदूषण से संबंधित एक जनहित याचिका भी लंबित है।



### आवास एवं पर्यावरण विभाग ने जारी किया था आदेश

आवास एवं पर्यावरण विभाग ने 11 सितंबर 2024 को एक आदेश जारी किया था, जिसमें सभी कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे सुनिश्चित करें कि कोई भी वाहन साउंड बॉक्स का इस्तेमाल न करे। अगर किसी वाहन में साउंड बॉक्स पाया जाता है तो उसे जब्त कर लिया जाएगा और वाहन का रिकॉर्ड रखा जाएगा। आदेश में सुबह 6 से रात 10 बजे तक कोई भी ध्वनि प्रदूषण की छूट नहीं दी गई थी।


**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

**क्रमांक क/ /वाचक/ अति-कले/2025, बिलासपुर, दिनांक 20 .01.2025**

**श्री आर्यन्त घृतलहरे आत्मज श्री पन्ना लाल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम भुरकी थाना, तहसील एवं जिला बेमेतरा छ.ग. एवं कुमारी अवंतिका मसीह आत्मजा श्री विजय मसीह उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम थाना, तहसील कोटा जिला बिलासपुर छ.ग.**

**द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 27 .02 .2025 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।**



आर्यन्त घृतलहरे अवंतिका मसीह

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**


### ठंड सहन नहीं कर सकी, नेशनल पार्क पहुंचने के बाद गाड़ी में दम तोड़ा

# अवसाद में आकर हार्ट अटैक से बायसन की मौत, कुनबा बढ़ाने की पहली कोशिश फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नए टाइगर रिजर्व का दर्जा पाए गुरुघासीदास नेशनल पार्क में वर्ष 2018 से बायसन का कुनबा बढ़ाने बार नवापारा से 40 बाइसन ट्रांसलोकेट कर नेशनल पार्क में छोड़े जाने का निर्णय लिया गया है। वर्ष 2018 में लिए गए निर्णय को सात साल बाद अमलीजामा पहनाने की वन विभाग की पहली कोशिश फेल हो गई है। बार नवापारा से ट्रांसलोकेट कर गुरु घासीदास नेशनल पार्क ले जाए गए बायसन की मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। बार नवापारा से बायसन ट्रांसलोकेट कर ले जाने का निर्णय केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सहमति मिलने के बाद लिया गया है। 25 जनवरी को बार नवापारा से एक सब एडल्ट मादा बायसन को चिन्हांकित कर, ट्रैंक्यूलाइज कर वन विभाग की बड़ी गाड़ी में दोपहर 2 बजे गुरु घासीदास नेशनल पार्क ले जाने रवाना हुई। रात 2 बजे के करीब वन विभाग की टीम कड़कड़ाती ठंड में पांच डिग्री सेल्सियस तापमान में गुरु घासीदास नेशनल पार्क में लेकर पहुंची। बाड़े में जब बायसन को ले जाने उतारा जा रहा था। इस दौरान बायसन की गाड़ी के अंदर ही मौत हो गई।



**एक नहीं, दो बायसन को ट्रैंक्यूलाइज किया गया था :** सूत्रों के मुताबिक, जिस दिन बायसन को ट्रैंक्यूलाइज कर गुरु घासीदास नेशनल पार्क के लिए ले जाया गया। उस दिन एक नहीं दो बायसन को बेहोश किया गया था, जिसमें एक व्यस्क मेल बायसन था। मेल बायसन को ट्रैंक्यूलाइज करने डॉट दिया गया तो वह अर्ध बेहोशी की हालत में एक गड्ढे में बैठ गया, जिसे वनकर्मी रेस्क्यू कर गाड़ी में चढ़ा नहीं पाए। इस वजह से उस बायसन को वापस होश में लाने रिवाइवल डोज देकर छोड़ दिया गया।

### बायसन को ले जाने पर विवाद

बायसन को गुरु घासीदास नेशनल पार्क ले जाने जिस वन्यजीव चिकित्सक को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उस डॉक्टर ने सिंगल बायसन को ले जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद अफसरों ने उस डॉक्टर पर जबरन दबाव बनाकर बायसन को नेशनल पार्क ले जाने मजबूर किया और एलिफेंट रिजर्व के किसी अन्य डॉक्टर की निगरानी में बायसन को नेशनल पार्क ले जाया गया।

**सदमे और ठंड से हुई मौत :** अलग-अलग वन्यजीव जानकारों से बात करने पर उन लोगों ने बताया है कि बायसन एक सामाजिक वन्यजीव है। वह अपने कुनबे में रहना पसंद करती है। वन्यजीव जानकारों के अनुसार, बायसन को ट्रांसलोकेट कर ले जाना ही था तो कुनबे में शामिल एक या दो और बायसन को ट्रैंक्यूलाइज करना था। इससे बायसन को लगता कि वह अकेला नहीं है, उसके साथ कुनबे के अन्य बायसन भी शामिल हैं।

### केंद्रीय मंत्रालय को लिखा पत्र

बायसन आईयूसीएन की रेड लिस्ट में है। उसकी मौत वन विभाग द्वारा की गई क्रूर हत्या से कम नहीं है। बार नवापारा में बायसन इतनी बड़ी संख्या में नहीं हैं कि उनको लेकर मानव-वन्यजीव द्वंद्व हो रहा हो। ऐसे में वहां से बायसन भेजे जाने पर पुन: विचार किया जाना चाहिए। बायसन के ट्रांसलोकेट कर ले जाने अनुमति निरस्त करने केंद्रीय मंत्रालय को मैंने पत्र लिखा है।

- **नितिन सिंघवी,** वन्यजीव प्रेमी


**नाम परिवर्तन**

मैं शपथकर्ता अवधराम पिता श्री बालाराम उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम डंगनिया तह. थानखम्हरिया जिला बेमेतरा छ.ग. का निवासी हूँ, जो की निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ।

1. यह कि उपरोक्त दिये गये पते का निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा नाम मेरे आधार कार्ड में अवध राम पिता बालाराम नाम दर्ज है तथा मेरे नाम से जारी लायसेंस क्रमांक CG0720130026459 में मेरे पिता का नाम अवध राम पिता बालू राम अंग्रेजी नाम AWADH RAM SO BALU RAM नाम दर्ज हो गया है जो कि मेरे पिता का नाम गलत दर्ज है।
3. यह कि मेरे नाम से जारी उक्त लायसेंस में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश गलत नाम दर्ज हो गया है। जिसे सुधार किया जाने हेतु पेश है।
4. यह कि उक्त नाम को सुधार कर वर्तमान आधार कार्ड अनुसार अवध राम पिता बालाराम नाम दर्ज किया जावे।
5. यह कि उक्त कथन के समर्थन में यह शपथ पत्र सम्बंधित अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**

**-: सत्यापन :-**

मैं शपथकर्ता अवधराम पिता श्री बालाराम उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम डंगनिया तह. थानखम्हरिया जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हूँ। सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक के कथन मेरी जानकारी में सत्य व सही है जिसे पढ़कर सुनकर समक्षकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**अवधराम**
**सत्यापनकर्ता**

# मार्च में पहला चंद्र ग्रहण, इस साल 4 ग्रहण, 7 सितंबर को भी ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

इस बार नए साल में चार बार चंद्रग्रहण लगने की खगोलीय घटना होगी, जो सिर्फ भारत के ही लोग इसे देख सकेगे। साल 2025 में चार ग्रहण लगेंगे। हालांकि, चार में से सिर्फ एक ही ग्रहण भारत में दिखेगा और मान्य होगा। यह साल का तीसरा प्राण और दूसरा चंद्र ग्रहण होगा, जो 7 सितंबर को लेगेगा। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक एक साल के इन चार प्रहणों की बजह से इस साल किसी प्रकार की प्रकृतिक आपदा होने की संभावना नहीं होगी।

गौरतलब है कि, ग्रहण लगना एक खगोलीय घटना है। साथ ही, भारत में इसका धार्मिक महत्व भी है। क्योंकि, भारत में इसे सूतक काल से जोड़कर देखा जाता है। अगर उक्षण भारत में दिखाई देता है तो सावधानी बरती जाती है। साथ ही मंदिर के पट भी बंद हो जाते हैं। इस कड़ी में साल 2025 में कुल चार ग्रहण लग रहे हैं, जिसमें से दो सूर्य और दो चंद्र ग्रहण शामिल हैं। खास बात यह है कि चार ग्रहणों में से एक ग्रहण भारत में भी देखने को मिलेगा। साल का तीसरा ग्रहण चंद्र ग्रहण होगा, जो कि एक पूर्ण प्रहण होगा। खास बात यह है कि यह ग्रहण भारत में दिखाई देगा। यह पूर्ण चंद्रग्रहण 7 सितंबर को रात 9 बनकर 56 मिनट 8 सेकेंड पर शुरू होगा और आधी रात में एक बजकर 26 मिनट पर समाप्त होगा। यह भारत में दिखाई देगा। इसके अलावा इस ग्रहण को अंटार्कटिका, एशिया, यूरोप और हिंद महासागर में भी देखा जा सकता है।

## भारत में दिखेगा चंद्रग्रहण, इस साल चार ग्रहण की बन रही स्थिति

### साल का आखिरी ग्रहण 21-22 सितंबर के बीच

साल का आखिरी ग्रहण सूर्य प्राण होगा, जो कि 21 व 22 सितंबर के बीच लगेगा। भारतीय समय के मुताबिक यह सूर्य ग्रहण 21 सितंबर रात 10 बजकर 59 मिनट पर शुरू होगा और तड़के 3 बजकर 23 मिनट पर समाप्त होगा। इस ग्रहण को भारत में नहीं देखा जा सकेगा, हालांकि यह पूर्वी मेलानेशिया, दक्षिणी पोलिनेशिया और न्यूजीलैंड में देखा जा सकता है।



### मार्च में ही लगेगा चंद्र और सूर्य ग्रहण

पहला चंद्र ग्रहण है, जो 14 मार्च को लगेगा। बताया गया कि, साल का पहला ग्रहण चंद्र ग्रहण होगा, जो कि 14 मार्च को लगेगा। भारतीय समय के मुताबिक यह सुबह 10.39 बजे बजे से शुरू होगा और दोपहर 2.18 बजे समाप्त होगा। खलाईक, यह भारत में नहीं दिखेगा। यह ग्रहण अमेरिका, पश्चिमी यूरोप, पश्चिमी आस्कर, उत्तरी व दक्षिणी अटलांटिक महासागर में दिखाई देगा। वहीं 29 मार्च को सूर्यग्रहण: साल का दूसरा प्रहण आशिक सूर्य ग्रहण होगा, जो कि 29 मार्च को लगेगा। भारतीय समय के मुताबिक, यह 2 बजकर 20 मिनट पर शुरू होकर 6 बजकर 13 मिनट पर समाप्त होगा। होगा। हालांकि, यह ग्रहण भारत में नहीं लगेगा। यह ग्रीनलैंड, आइसलैंड, पश्चिमी रूस और यूरोप में देखा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### सिरपुर बिगईकोन्हा में देव मड़ई कल

**बालोद।** ग्राम सिरपुर बिगईकोन्हा में देव मड़ई मेला का आयोजन 5 फरवरी को किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में जय मां गंगा मईया नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम के देव पंच संतोष भौशार्य, कीर्तन साहू, भागवत भौसार्य, बिरेन्द्र साहू, बिहारी साहू, रोहित भौशार्य, यादराम भौशार्य, रामकुमार रावटे, मोहम्मद सुलेमान खान सहित ग्रामीणों ने मेले में शामिल होने का आग्रह किया है।

### खप्परवाड़ा में मानसगान प्रतियोगिता 8 व 9 को

**अंडा।** मां शीतला मानस परिवार खप्परवाड़ा द्वारा सभी ग्रामीणों के सहयोग से दो दिवसीय सस्वर मानसगान प्रतियोगिता 8 एवं 9 फरवरी को रखी गई है। पुरुष वर्ग के लिए प्रवेश शुल्क 151 रुपए तथा प्रथम पुरस्कार 3001 रुपए, द्वितीय 2501 रुपए, तृतीय 2001 रुपए, चतुर्थ 1501, पंचम पुरस्कार 1001, षष्ठम पुरस्कार 601 रूपए रखा गया है। इसी तरह महिला वर्ग में प्रवेश शुल्क 101 रूपए रखा गया है। वहीं, प्रथम पुरस्कार 2501 रुपए, द्वितीय 1501, तृतीय 1001, चतुर्थ पुरस्कार 601 रुपए रखा गया है। सभी मंडलियों को आयोजन समिति द्वारा फोटो फ्रेम दिया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि इसी तारीख पर ग्राम सकरौद, अर्जुनी भरदा, डंगनिया, देवरी ख, नाहंदा, तमोरा में भी रामायण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

### धनोरा में श्री हनुमंत कथा आज से

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से श्री हनुमंत कथा श्री राम कथा एवं शत चंडी यज्ञ का आयोजन 4 से 12 फरवरी तक किया जा रहा है। आज शाम 4 बजे महावीर उद्यान से माताएं कलश लेकर बाजार चौक मेन गली शीतला पारा होते मां शीतला तालाब पहुंचेंगी। वहां मां शीतला की पूजा-अर्चना कर तालाब से जल लेकर मां कर्मा भवन गौरा चौक मां बम्लेश्वरी मंदिर गोल्डन चौक होते हुए वापस महावीर उद्यान पहुंचेंगे। यहां यज्ञ स्थल एवं श्री हनुमंत कथा का रसपान कराया जाएगा। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### सिरपुर बगईकोन्हा में देव मड़ई 5 को

**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम सिरपुर बगईकोन्हा में 5 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में कुहीखुर्द छुरिया का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम के प्रमुख बिहारी साहू, सालिक राम टेकाम, कीर्तन साहू, रोहित भौषार्य, याद राम भौषार्य, बिरेन्द्र साहू, राम कुमार रावटे, मो सुलेमान खान आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### कांग्रेस पार्टी के गंजपारा प्रत्याशी का बीफॉर्म निरस्त


**दुर्ग।** वार्ड 36 गंजपारा के कांग्रेस प्रत्याशी प्रतिभा गुप्ता का बीफार्म निरस्त कर दिया गया है। जिसके चलते उन्हें निर्दलीय चुनाव लडना पडेगा। नामांकन फार्म में नाम लिखने में खामी और पति का नाम का उल्लेख नही किए जाने के चलते उनका बीफार्म निरस्त कर दिया गया है। ऐसे में उन्हे निर्दलीय चुनाव लड़ना होगा। उल्लेखनीय हैं कि, इससे पहले वार्ड 21 में तितुरडीह की प्रत्याशी मीरा सिंह ने अपना नाम वापस ले लिया था। जिसके चलते भाजपा प्रत्याशी विद्यावति सिंह उस वार्ड से निर्विरोध जीत गई थी। हांलाकि गंजपारा वार्ड में सिर्फ दो ही प्रत्याशी है। ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी को निर्दलीय मैदान में रहकर भाजपा के प्रत्याशी पूनम दीपक यादव को टक्कर देना पडेगा।

## विश्व वेटलैंड दिवस के मौके पर सोसाइटी की टीम ने किया गिधवा का दौरा

# वेटलैंड बर्ड सेंचुरी गिधवा परसदा को रामसर साइट में शामिल करें: डॉ पाणिग्राही

हरिभूमि न्यूज :दुर्ग

वेट लैंड का स्वच्छ ,स्वस्थ एवं समृद्ध रहना हमारे जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक है आइए हम इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उपरोक्त अपील करते हुए सोसल एंड एनवायरनमेंट एक्टिविस्ट ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही एवं डायरेक्टर अमुजुरि बिस्वनाथ ने कहा कि हम निरंतर इस दिशा में जागरूकता कर रहे हैं। दुर्ग वन मंडल के अंतर्गत बेमेतरा जिले का गिद्धवा परसदा पक्षी अभ्यारण्य जो कि छत्तीसगढ़ का एक मात्र पक्षी अभयारण्य है एक समृद्ध वेटलैंड है जिसे अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट में शमिल करने के लिए ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया निरंतर मांग करते आ रही है। हमारे छत्तीसगढ़ में पाटन जिले में बेलोदी, चीचा , बिलासपुर में अचानकमार , रायपुर जिले में फुटहामूड़ा सहित कुछ और भी वेटलैंड हैं जो पात्रता रखते हैं। किंतु दुर्भाग्य है कि समृद्ध एवम अंतरराष्ट्रीय मापदंडों में पात्रता रखते हुए भी अभी तक हमारा एक भी वेटलैंड रामसर साइट में शामिल नहीं हो सका है।



### वेटलैंड संरक्षण समितियों का भी हुआ है गठन

गौरतलब है कि हमारे छत्तीसगढ़ के वेट लैंड समृद्ध रहें इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जिला स्तर पर वेटलैंड संरक्षण समितियों का गठन भी किया है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उपरोक्त उदगार व्यक्त करते हुए ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि गिद्धवा परसदा में रामसर साइट में मान्यता प्राप्त करने लगभग सभी अंतरराष्ट्रीय पात्रताएं विद्यमान है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इसके लिए कमेटी का गठन भी किया है। हमारे पारिस्थितिकी के महत्वपूर्ण प्रवासी पक्षियों का हर वर्ष हमारे देश में आना होता है जो पारिस्थितिकी में बहुत बड़ा योगदान है। हमारे देश में यूरोप ,मंगोलिया ,उत्तरी चीन ,दक्षिण रूस ,साइबेरिया ,उत्तरी अमेरिका ,आस्ट्रेलिया ,आफ्रीका ,इंडोनेशिया ,ईरान , म्यांमार ,थाईलैंड ,एवम अन्य देशों से 240 से अधिक प्रजाति के प्रवासी पक्षी आते हैं। बड़ी संख्या में विभिन्न प्रजाति के पक्षी हर वर्ष गिद्धवा परसदा आते हैं।

### छत्तीसगढ़ में 11 वेटलैंड साइट किए गए चिन्हित

इनका संरक्षण भी बहुत बहुत जरूरी है। विश्व वेटलैंड दिवस के संदर्भ में गिद्धवा परसदा का भ्रमण कर इस कड़ी मे ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवम वन मंत्री केदार कश्यप से पुनः मांग की है कि दुर्ग वन मंडल अंतर्गत बेमेतरा जिले के गिद्धवा - परसदा बर्ड सेंचुरी को रामसर साइट में शामिल करें। ग्रीन केयर अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही एवं संस्था के डायरेक्टर अमूजूरी विश्वनाथ ने विश्व वेटलैंड दिवस के परिप्रेक्ष्य में गिद्धवा - परसदा का भ्रमण कर विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि गिद्धवा परसदा पक्षी अभ्यारण्य में वह संभावनाएं मौजूद हैं जो रामसर साइट की अंतरराष्ट्रीय मापदंडों को भी पूरा करता है। वन विभाग द्वारा जनता के साथ हर वर्ष पक्षी उत्सव मनाया जाता है।यहां की जनता भी पक्षी प्रेमी हैं। प्रवासी पक्षियों को अतिथि मानते है तथा इनका संरक्षण करते हैं। ग्रामवासी यह नारा भी बुलंद करते हैं हमर चिरई हमर चिन्हारी हमन करबो ओकर रखवारी। हमारी संस्था ग्रीन केयर सोसायटी के सदस्य अनेक बार यहां आकर जन जागरूकता किए हैं। डॉ. पाणिग्राही ने बताया कि हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश में 11 वेटलैंड साइट चिन्हित किए गए हैं लेकिन अभी तक एक भी साइट रामसर साइट में शामिल नहीं हो सका है। यह अवसर है मापदंडों के अनुरूप गिद्धवा परसदा को रामसर साइट में शामिल करने के लिए दावा को पुनः प्रबलता के साथ प्रस्तुत करने का।

# अर्जुंदा नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रहास ने छोड़ा कांग्रेस का हाथ थाम लिया भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/अर्जुन्दा

अर्जुन्दा नगर पंचायत चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नज़दीक आ रही है। वैसे-वैसे चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस से नगर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन्दा के वर्तमान अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन ने भाजपा प्रवेश कर सबको हैरत में डाल दिया। बताया जा रहा है कि चंद्रहास देवांगन के प्रवेश से भाजपा के पक्ष में माहौल और ज्यादा बनने लगा है। रविवार को चंद्रहास देवांगन ने जिला भाजपा के अध्यक्ष पवन साहू व वरिष्ठ भाजपा नेता यज्ञ दत्त शर्मा के समक्ष भाजपा प्रवेश किया। समस्त अतिथियों ने चंद्रहास देवांगन को भाजपा गमछा पहनकर भाजपा परिवार में सम्मिलित किया।

- कहा- पीएम मोदी का कार्यकाल और विष्णुदेव का सुशासन देखकर गदगद है मेरा मन

इस अवसर पर चंद्रहास देवांगन ने कहा कि आयोध्या में रामलला का मंदिर महतारी वंदन योजना और मोदी के कार्यकाल और विष्णुदेव के सुशासन को देखकर मेरा मन गदगद है। यही नहीं, भाजपा के टिकट वितरण को देखकर ऐसा महसूस होता है कि निश्चित ही भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। इसका जीता-जागता उदाहरण ओसाभ प्रिंस यादव है। निश्चित ही शिक्षित युवा को मौका देना अर्जुन्दा के सुनहरे भविष्य का संकेत है।

नगर पंचायत साजा
बाबा रामदेव वार्ड, वार्ड क्र.-8 से
पार्षद पद के लिए राजू शर्मा को
कमल छाप पर
बटन दबाकर
भारी मतों से विजयी बनायें।
मतदान तिथि- 11-02-2025, दिन-मंगलवार
समय- सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक
विनीत- समस्त मतदातागण, बाबा रामदेव वार्ड क्रमांक- 08, नगर पंचायत साजा

# जिला पंचायत सदस्य के लिए 56 अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि त्रिस्तरीय आम निवार्चन 2025 के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन की प्रक्रिया के लिए 3 फरवरी को नाम निर्देशन पत्र प्राप्त एवं जमा करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। उन्होंने बताया कि 27 एवं 28 जनवरी को 12–12 अभ्यर्थियों, 29 एवं 30 जनवरी को 09–09, 31 जनवरी को 10, 01 फरवरी को 08 एवं 03 फरवरी को 01 अभ्यर्थियों सहित कुल 61 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया है। उनमें से 28 जनवरी को 01 अभ्यर्थी, 29 जनवरी को 03, 30 जनवरी को 11, 31 जनवरी को 13 एवं 01 फरवरी को 18 एवं 03 फरवरी को 10 अभ्यर्थियों सहित कुल 56 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

# प्री मैटिक गर्ल्स हॉस्टल बालोद की छात्राओं ने की वार्डन की शिकायत

**बालोद।** प्री मैटिक गर्ल्स हॉस्टल बालोद की छात्राओं ने अपने पालकों के साथ मिलकर प्री मैटिक गर्ल्स हॉस्टल बालोद में पदस्थ हास्टल वार्डन की शिकायत करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि बालोद जिला मुख्यालय प्री मैटिक हॉस्टल में पदस्थ वार्डन का पति पंकज वैष्णव का गर्ल्स हॉस्टल में बार-बार आता-जाता है। साथ ही बच्चों के साथ गलत तरीके से व्यवहार करता है, जिससे बच्चे बहुत परेशान हैं। छात्राओं ने बताया कि हॉस्टल का पानी बहुत दूषित है। बच्चों के लिए फिल्टर है, लेकिन वह खराब है। उन्होंने बताया कि विगत दो माह पूर्व दूषित पानी के कारण पीलिया होने से एक बच्ची की मौत हो गई। वहीं, छात्राओं ने बताया कि हॉस्टल में खाना बनाने वाली गुटखा खाते खाते खाना बनाती है। कई बार खाने में थूक व सुपाड़ी गिर जाता है। इसके साथ ही बच्चों से भी हॉस्टल की साफ सफाई करवाने का आरोप लगाया गया है। छात्राओं एवं उनके पालकों ने कलेक्टर से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## पेज 9 का शेष

### नगरीय निकायों के मतदान ...

मशीनों का अंतिम रूप से आबंटन किया गया। उन्होंने आगे बताया कि सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि चुनाव से संबंधित सभी तैयारियों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। इसके साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी इस प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया और निर्वाचन की पारदर्शिता की सराहना की। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट देखे 10 फरवरी के अंक में
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रिजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100
नियम व शर्तें लागू
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### कलेक्टर चंद्रवाल ने किया ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र का अवलोकन

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आम लोगों को जागरूक करने संचालित किए जा रहे ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र में कार्यरत कर्मचारियों से ईवीएम के संचालन आदि की विस्तृत जानकारी ली। इसके साथ ही आगन्तुकों को ईवीएम के माध्यम से मतदान करने की पूरी जानकारी सरलता से प्रदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसकी जानकारी पहुँचाएं। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने मॉक पोल कर ईवीएम की कार्य पद्धति का अवलोकन भी किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मोहन कोकिला ने किया रक्तदान

**बालोद।** थाना बालोद में पदस्थ मोहन कोकिला ने अपने 34वें जन्मदिवस पर जिला अस्पताल बालोद पहुंचकर वहां भर्ती मरीज गीतांजलि को रक्तदान किया।



रक्तदान करने के बाद उन्हें जिला अस्पताल द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने अन्य युवाओं से अपील की कि रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं होती है तथा युवाओं को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए।

### ग्राम चूल्हापथरा में मानसगान सम्मेलन 7 से

**गुरूर।** ग्राम चूल्हापथरा में समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में 7 से 9 फरवरी तक तीन दिवसीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस में करुणा सागर एवं जगराता परिवार कन्नेवाड़ा, पंचमुखी मानस परिवार मुल्ले, श्री रुद्रेश्वर मानस परिवार बेलरगांव सिहावा नगरी, रामनाम की जय मानस मंडली डोंगरगढ़ मंडलिया अपनी प्रस्तुति देंगी, द्वितीय दिवस में पूनम ज्योती बालिका मानस परिवार सारंगपुरी, श्री राघवेंद्र मानस परिवार चरौदा घटारानी, पूनम मानस परिवार लभराकला, श्री तारकेश्वर नाथ बालक बालिका मानस मंडली बड़गांव चन्द्रखुरी, मोर मयारु राम मानस परिवार खड़ियाडीह धूरा, जय मां शीतला श्री राम के सुख मानस परिवार अंतागढ़, तृतीय दिवस में हरिओम मानस परिवार दर्रा, श्रद्धा सुमन बालिका मानस परिवार चिंगरमला, सुरता मानस परिवार जूनवाणी, लोक यामिनी मानस परिवार झिटिया, लवकुश मानस मंडली ठेलकाबंधा अभनपुर, श्री वैष्णव बंधु मानस परिवार गोभरा धमधा दुर्ग, जय मां सिंह वाहिनी बालिका मानस परिवार थानौद, रामरस मानस परिवार फरसगांव अपनी प्रस्तुति देंगे। मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त तहसीलदार जीआर. कुल्हड़ा होंगे, अध्यक्षता कोमल सिंहा करेंगे।

## आयोजन

**जिला मुख्यालय सहित अंचल के अनेक विद्यालयों में हुआ कार्यक्रम**

# श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई बसंत पंचमी मां सरस्वती की पूजा कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी विकासखण्ड साजा में प्रधानपाठक धनेश रजक सहित

■ प्राथमिक शाला खपरी धोबी में बच्चों ने बनाए मां सरस्वती के सुन्दर चित्र

सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने बसंत पंचमी पर्व मनाया। मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। विद्यालय की नन्हीं नन्हीं बेटियां मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की।



सहायक शिक्षक थुकेल राम तारम ने कहा कि बसंत पंचमी पर जीवन में ज्ञान, कला और संगीत के जरिए माँ की कृपा पाने के लिए मां सरस्वती की पूजा की जाती है। प्रधान पाठक धनेश रजक ने बच्चों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए इस संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

## सिंघौरी विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई बसंत पंचमी

**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंघौरी में बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम शाला के सभी शिक्षकों द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। उसके बाद संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा ने पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



माँ शारदे तुझे आना होगा गीत का लयबद्ध गायन किया गया। उसके बाद स्कूली बच्चों ने वीणावादिनी मां सरस्वती की वंदना की। हिना, हासनी, जया, प्रतिज्ञा, नेविता, गीतमाला, ललिता, उपासना एवं आलिया ने शानदार गीत गाया। शिक्षिका सरस्वती साहू द्वारा वीणा वादिनी, ज्ञान की देवी गीत का गायन किया गया। सभी शिक्षकों ने बसन्त पंचमी पर्व के बारे में अपने-अपने विचार रखे।

इस अवसर पर शाला में प्रधान पाठक मीनाक्षी शर्मा सहित सरस्वती साहू, आगेश्वरी साहू, राजेश्वरी साहू, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## शासकीय विद्यालय रानो में धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी पर्व



**बेमेतरा।** साजा विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में बसंत पंचमी का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

शाला के प्रधान पाठक किशुन राम साहू ने इस पर्व को मनाने के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए बताया कि इस दिन को विद्या की देवी माँ शारदे के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने इसके पीछे की पौराणिक बातों को भी स्पष्ट किया। इसके साथ ही विभिन्न ऋतुओं की भी जानकारी दी। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने बताया कि यह पर्व हर वर्ष माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। यह हिन्दुओं का प्रमुख पर्व है जो कि वसंत ऋतु की तैयारियों की शुरुआत का प्रतीक है।

भक्त ज्ञान, रचनात्मकता एवं बुद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए माँ शारदे की पूजा करते हैं तथा इससे अज्ञानता दूर होती है। शिक्षिका ने इस पर्व के वैज्ञानिक महत्व को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह पर्व वैज्ञानिक दृष्टि से भी बहुत अधिक महत्वपूर्ण है। इसी दिन वसंत का आगमन होता है। खेतों में सरसों के फूल खिलते हैं।

## लालपुर स्कूल में मनाई गई बसंत पंचमी



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर विकासखंड नवागढ़ में बसंत पंचमी पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाते हुए मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया। शिक्षक शान्त कुमार पटेल ने सरस्वती वंदना सुनाकर सभी शिक्षकों एवं बच्चों को बसंत पंचमी पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधान पाठक रामायण मनहरे, बृजपाल सिंह डाहिरे, शिक्षक घनश्याम साहू, मोतीराम पात्रे, शांत कुमार पटेल एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शासकीय विद्यालय दाढ़ी में बच्चों ने दी सरस्वती वंदना की प्रस्तुति



**दाढ़ी।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय दाढ़ी में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर बच्चों ने वंदना प्रस्तुत की। प्रधानपाठक चंद्रभान सिंह धुर्वे ने बच्चों को बसंत पंचमी के बारे में बताया तथा शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महेश्वर सिंह चंदेल आरती गुप्ता भुनेश्वरी कुंभकार उर्मिला साहू अनव्य गुप्ता सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## प्रधान पाठिका साधना व शिक्षिका गोपेश्वरी ने पुरस्कार की राशि से खरीदा साउंड सिस्टम

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला समेसर विकासखण्ड नवागढ़ में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाला की प्रधान पाठिका साधना साहू ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बसंत पंचमी को माता सरस्वती का जन्म दिवस माना जाता है। इस दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने के बाद पीले वस्त्र धारण करना शुभ होता है। पूजा के दौरान पीले फूल और पीले मिष्ठान का भोग मां को प्रसन्न करता है और इस व्रत से व्यक्ति को आत्मज्ञान और बोध की प्राप्ति होती है। विद्यालय की नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने भी बच्चों को बसंत पंचमी के संबंध में बताया। इस अवसर पर शाला की प्रधान पाठिका साधना साहू ने

■ समेसर स्कूल की दोनों शिक्षिकाएं मुख्यमंत्री शिक्षा दूत पुरस्कार से हो चुकी हैं सम्मानित




2023 में मुख्यमंत्री शिक्षा दूत पुरस्कार से प्राप्त अपने पुरस्कार राशि 5000 रुपये और शाला की शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने 2024 में मुख्यमंत्री शिक्षा दूत पुरस्कार से प्राप्त अपने पुरस्कार राशि 5000 रुपये को विद्यालय को समर्पित किया।

दोनों शिक्षिकाओं के पुरस्कार से प्राप्त राशि 10000 रुपये का विद्यालय के लिए आफिस चेयर और माइक सेट खरीदकर विद्यालय को समर्पित कर एक अनुकरणीय कार्य किया है। दोनों शिक्षिकाओं के इस पुनीत कार्य की खूब प्रशंसा हो रही है। नवागढ़ विकासखण्ड के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एलएन बांधे, विकासखण्ड स्रोत समन्वयक जगजीवन साहू सहित शांत कुमार पटेल, दिलीप जांगड़े, शीतल बैस, रामकुमार साहू, प्रेक्षा साहू, महेश साहू, डुमन लाल, कामती ठाकुर सहित अनेकों ने दोनों शिक्षिकाओं के इस अनुकरणीय कार्य की प्रशंसा की।

## शासकीय विद्यालय चीजगांव में बसंत पंचमी पर की गई मां सरस्वती की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चीजगांव के शिक्षकों, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, पालकगण एवं बच्चों ने विद्यालय में धूमधाम से बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया।

सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी ने मां सरस्वती की छायाचित्र की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान मां सरस्वती से ज्ञान एवं विवेक प्रदान करने के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक परमानंद तिवारी ने बताया कि इस दिन मां सरस्वती का अवतरण हुआ था। मां सरस्वती ज्ञान की अधिष्ठात्री एवं स्वर देने वाली हैं। पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद में सेब, केला, संतरा, नारियल, लायचीदाना एवं मूंगफली बांटी गई। इस दौरान प्राथमिक शाला प्रधान पाठक लोकेश साहू, सहायक शिक्षक परमानंद तिवारी एवं पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक तीजराम ठाकुर, शिक्षक अशोक साहू, दीपक लाल ठाकुर, सरकार सिंह, शाला के अध्यक्ष बलराम साहू, भगेला साहू एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## नपं थानखम्हरिया अध्यक्ष प्रत्याशी अनीता ने जनता से मांगा आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

नगर पंचायत थानखमरिया की अध्यक्ष प्रत्याशी अनीता चंदन अग्रवाल ने सोमवार को वार्ड नंबर 3 और वार्ड नंबर 10 में सघन जनसंपर्क किया।

जनसंपर्क के दौरान महिलाओं ने अपनी प्रत्याशी को पूरा आशीर्वाद दिया। श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि लोगों से मिल रहे स्नेह को वह सेवक के रूप में चुकाएंगी। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निदान किया जाएगा। लगातार कांग्रेस सरकार में भारी भ्रष्टाचार के चलते नगर का विकास नहीं हो पाया, जिसे पूरा किया जाएगा। उनके साथ वार्ड क्रमांक 03 की पार्षद प्रत्याशी नेहा सिन्हा एवं वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद प्रत्याशी अंजू टीकम अग्रवाल सहित महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष नमिता सिन्हा महिला मिर्चा उपाध्यक्ष शिवानी यादव महिला मोर्चा महामंत्री रेखा शर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सशिमं साजा में बसंत पंचमी पर कराए गए विविध संस्कार



**साजा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर साजा में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा कर विद्या आरंभ संस्कार, मातृ पितृ पूजन एवं संगीत विद्या संस्कार का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पंडित विकास मिश्रा ने पूजा-पाठ व यज्ञ हवन किया। सर्वप्रथम 128 नव प्रवेशी भैया बहनों का विद्या संस्कार कराया गया। उसके बाद मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम में 400 से अधिक अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में साजा विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू उपस्थित रहे। नगर पंचायत साजा के अध्यक्ष प्रत्याशी सरस्वती शिशु मंदिर साजा के पूर्व छात्र हिमांशु वर्मा, कमल किशोर राठी, हरि शंकर टावरी, छेदीलाल साहू, राकेश भुवाल, प्रधानाचार्य गुनी राम साहू एवं विद्यालय के समस्त दीदी आचार्य का सहयोग प्राप्त हुआ। हिमांशु वर्मा ने सभी भैया बहनों एवं अभिभावकों के लिए प्रसाद में केला तथा विद्यालय द्वारा मिष्ठान्न वितरण किया गया।

**थानखम्हरिया में श्री मद् भागवत अमृत वर्षा स्वर्ण महोत्सव में उमड़ रहे श्रद्धालु**

## मनुष्य के अंदर जो पशु बुद्धि आ चुकी है उसका परित्याग आवश्यक है : पं मोहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

श्री मद् भागवत अमृत वर्षा स्वर्ण महोत्सव के पावन अवसर पर प्रवचन करते हुए विद्वान संत पं. मोहननारायण शास्त्री श्रद्धालुओं को आत्मज्ञान और जीवन के गहरे रहस्यों से परिचित कराया। उन्होंने कहा, मनुष्य के अंदर जो पशु बुद्धि आ चुकी है, उसका परित्याग अनिवार्य है। शास्त्री जी ने श्रीमद्भागवत के गूढ़ उपदेशों के माध्यम से समझाया कि विवेक शून्य बुद्धि को ही 'पशु बुद्धि' कहा जाता है, और यह मानव को भटकाव की ओर ले जाती है। उन्होंने राजा परीक्षित और श्री शुकदेव जी महाराज के संवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि मुक्ति वही है जब व्यक्ति अपने स्वरूप का साक्षात्कार कर लेता है। न तो तुम देह हो, न मन, न बुद्धि; अपितु इन सब पर शासन करने वाले साक्षी स्वरूप हो। शास्त्री जी ने यह भी कहा कि भय ही व्यक्ति को पुनर्जन्म के चक्र में बाँधता है, इसलिए भय का त्याग कर मूल स्वरूप में स्थित होना ही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य है।

इस अवसर पर शास्त्री जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने का परम फल यही है कि व्यक्ति अपने मूल स्वरूप को पहचान सके और जीवन के सच्चे उद्देश्य को प्राप्त कर सके। कार्यक्रम में पंडित रामविलास शर्मा, विनोद शर्मा, दिनेश शास्त्री, अनिल सिंघानिया, गोविंद सिंघानिया प्रमोद सिंघानिया, विष्णु जोशी, शिवेंद्र, ढाल सिंह राजपूत, आदर्श जोशी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
चलो प्रयागराज पवित्र महाकुंभ 2025
महाकुंभ 2025 के डिलक्स, प्रीमियम पैकेज के लिए संपर्क करें
15 से 17 फरवरी 2025, 20 से 22 फरवरी 2025
-: सुविधाएं :-
प्रथम यात्रा- स्पेशल स्लीपर बस, प्रयागराज (टेंट),नाश्ता, रात्रि भोजन, टूर गाइड, सहयोग राशि 8100/- प्रति व्यक्ति
द्वितीय यात्रा- पुश बैक बस 2/2, प्रयागराज (टेंट),नाश्ता, रात्रि भोजन, टूर गाइड, सहयोग राशि 6100/- प्रति व्यक्ति
तृतीय यात्रा- 6 व्यक्ति (इनोवा क्रिस्टा), होटल, नाश्ता, रात्रि भोजन, सहयोग राशि 12001/- प्रति व्यक्ति
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बेमेतरा, बालोद, कवर्धा और राजनांदगांव में सर्वे कार्य हेतु 10 युवक / युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
Resume Whatsapp करें
8319268069, 9425565082
7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव